# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 116/2022

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा–छः (सत्र 2023–24) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना**

**बिहार सरकार द्वारा संस्थापित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई (अंग्रेजी माध्यम) के षष्टम् वर्ग (सत्र 2023–24) में नामांकन हेतु योग्य अभ्यर्थियों/अभिभावकों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार एवं सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2023 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन (online) माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है –**

2. षष्टम वर्ग में नामांकन हेतु छात्र एवं छात्राओं के लिए क्रमशः साठ–साठ (60–60) सीटें निर्धारित हैं।

3. **(क)** नामांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत बिहार (शैक्षणिक संस्थान में नामांकन में) आरक्षण अधिनियम, 2003 (बिहार अधिनियम 16, 2003) एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम, 2019 की अधिसूचना संख्या सं0–11/आ0नी0–I–03/2019–2622 दिनांक 26.02.2019 के अनुसार कोटिवार/छात्र–छात्रा वार निर्धारित सीटों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | कोटि | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|---|
| (i) | अनारक्षित (UR) | 24 | 24 |
| (ii) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 6 | 6 |
| (iii) | अनुसूचित जाति (SC) | 11 | 9 |
| (iv) | अनुसूचित जनजाति (ST) | 1 | 1 |
| (v) | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 11 | 11 |
| (vi) | पिछड़ा वर्ग (BC) | 7 | 7 |
| (vii) | पिछड़े वर्ग की महिलाएँ BC (Female) | - | 2 |
| | कुल सीट : | 60 | 60 |

**(ख) दिव्यांग कोटि (Differently Abled)** – सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेश के आलोक में दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 5% क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय है। चयनित छात्र/छात्राओं के विकलांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

4. आवेदक की आयु 1 अप्रैल 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष तथा अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए।

5. आवेदक बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा–V (पाँचवीं) में अध्ययनरत हो।

6. परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन माध्यम को छोड़कर अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

7. **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक 15.07.2022 से 04.08.2022 तक स्वीकार किये जायेंगे।**

8. **परीक्षा शुल्क** : (1) अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए– 200/– (दो सौ) रु० । (2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए– 50/– (पचास) रु० निर्धारित है।

9. **ऑनलाइन आवेदन करने की विधि**– छात्र/छात्रा/अभिभावक समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर Apply for Simultala Awasiya Vidyalaya Entrance Examination, 2023 लिंक पर क्लिक करने के पश्चात् जिला का नाम, प्रखण्ड का नाम, मोबाईल नम्बर अंकित करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र खुलेगा। इस पेज पर अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक अभ्यर्थी का विवरण (नाम, पिता नाम, जन्मतिथि, जाति कोटि इत्यादि) शुद्ध–शुद्ध भरेंगे। किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण अपलोड करने के लिए अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक स्वयं दोषी होंगे तथा उनका आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जाएगा। भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक निकालकर उस पर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला को अनिवार्य रूप से समर्पित करेंगे। अन्यथा नामांकन बाधित हो सकता है।

9.1 परीक्षा आवेदन–पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने एवं परीक्षा शुल्क के भुगतान करने की विधि क्रमवार निम्नवत् है :–

**1. Visit http://secondary.biharboardonline.com, 2. Home Page, 3. Student Registration Page/Student Login Page, 4. Fill Application Form, 5. Upload Photo & Signature, 6. View & Edit Application Form 7. Make Payment and 8. Print Application**

9.2 **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के संबंध में–**

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र में रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

**A. रंगीन फोटो का साईज एवं प्रकार :**
Image Size : 35mm × 30 mm का हो। (50-100 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो।
Head Size/Face Size : 25 mm × 20 mm (approx 60% 70%)
Background : Plain White or Light Green

**B. स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना** (jpg/jpeg) फॉरमेट
(3.5cm width × 1.5 cm height) में हो
तथा आकार 10-20 KB से अधिक न हो।

9.3 **परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया** : ऑनलाइन आवेदन–पत्र submit करने के पश्चात Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee Payment Button पर क्लिक करें। परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान किया जाय। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.4 ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने के पश्चात् अभ्यर्थी के मोबाईल पर पासवर्ड भेजा जायेगा और अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अविभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखें। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि तक समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

10. चयन के लिए परीक्षा दो चरणों में संचालित होगी।

**(i)** प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा पूर्णतः बहुवैकल्पिक वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नों पर आधारित होगी। कुल 150 अंकों की परीक्षा संचालित होगी एवं प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट की होगी। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

**(ii) मुख्य परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् है** –

प्रथम पाली में 150 अंकों में 100 अंक गणित खण्ड दीर्घ उत्तरीय प्रकार का होगा तथा 50 अंकों की बौद्धिक क्षमता खण्ड वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार का होगा। परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट की होगी।

द्वितीय पाली के 150 अंकों के प्रश्न–पत्र में हिन्दी 40 अंक, अंग्रेजी 40 अंक, विज्ञान 40 अंक एवं सामाजिक विज्ञान खंड के 30 अंकों की परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार के होंगे। परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट की होगी।

11. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए विषय एवं अंकों का निर्धारण निम्नवत् है –

| प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा | | | मुख्य प्रवेश परीक्षा | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विषय | अंक | पत्र | क्र.सं. | विषय | अंक | कुल अंक |
| 01 | हिन्दी | 30 | पेपर–I | 1 | गणित | 100 | 150 |
| 02 | विज्ञान | 25 | | 2 | बौद्धिक क्षमता | 50 | |
| 03 | सामाजिक विज्ञान | 25 | पेपर–II | 1 | हिन्दी | 40 | 150 |
| 04 | गणित | 40 | | 2 | अंग्रेजी | 40 | |
| 05 | अंग्रेजी | 30 | | 3 | विज्ञान | 40 | |
| | | | | 4 | सामाजिक विज्ञान | 30 | |
| | कुल अंक | 150 | | | कुल अंक | | 300 |

12. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

13. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। किसी जिला में प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर इस जिला के अभ्यर्थियों को निकटवर्ती जिला मुख्यालय में परीक्षा केन्द्र दिया जाएगा। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा की संभावित **तिथि 20.10.2022 को अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 03:30 बजे** तक है। उक्त परीक्षा की तिथि में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है। मुख्य प्रवेश परीक्षा की संभावित **तिथि 22.12.2022** है। मुख्य प्रवेश परीक्षा पटना जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

14. प्रारम्भिक परीक्षा में लब्धांकों के आधार पर मुख्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कोटिवार/छात्र–छात्रावार रिक्तियों की संख्या के 10 (दस) गुणकों में अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

15. मुख्य प्रवेश परीक्षा में समान अंक वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। समान प्राप्तांक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पत्र में भी समान प्राप्तांक तथा समान अंक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में लॉट्री (Lottery) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

16. मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के उपरांत ही प्रवेश की स्वीकृति दी जाएगी।

17. मुख्य प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को नामांकन के समय जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए), आवासीय प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निःशक्तता प्रमाण–पत्र (निःशक्तता कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए) विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति, माता–पिता के आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा नामांकन का दावा निरस्त कर दिया जाएगा।

18. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

19. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

20. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हेल्पलाईन नम्बर– 0612–2232074** पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना **E-mail ID - bsebsehelpdesk@gmail.com** पर भेजी जा सकती है।

21. **परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**